5. वाहितमल के जैविक उपचार के दौरान कवकीय तंतुओं से जुड़े जीवाणुओं की जाली जैसी संरचनाओं के झुंड कहलाते हैं – **1**

(A) प्राथमिक आपंक (B) ऊर्णक

(C) सक्रियित आपंक (D) अवायवीय आपंक

6. एगेरोज जेल इलेक्ट्रॉफोरेसिस (वैद्युतकण संचलन) द्वारा पृथक्कृत डीएनए को देखने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? **1**

(A) डीएनए को सामान्य दृश्य प्रकाश में देखा जा सकता है ।

(B) डीएनए को बिना अभिरंजित किए दृश्य प्रकाश में देखा जा सकता है ।

(C) इथीडियम ब्रोमाइड अभिरंजित डीएनए को दृश्य प्रकाश में देखा जा सकता है ।


(D) इथीडियम ब्रोमाइड अभिरंजित डीएनए को पराबैंगनी प्रकाश में देखा जा सकता है ।

7. एक परिघटना जिसमें नर कीट एक आर्किड पुष्प के पैटर्न को गलती से मादा कीट समझकर मैथुन करने का प्रयास करता है जिसके कारण पुष्प परागित हो जाते हैं, इसे कहते हैं : **1**

(A) कूट (छद्‌म) मैथुन (B) कूट परागण

(C) कूट अनिषेकफलन (D) कूट निषेचन

8. नीचे दिए गए चित्र में एक आवृत्तबीजी के निषेचित भ्रूण–कोष के सही नामांकन को पहचानिए : **1**




(A) A – युग्मज, B – अपभ्रष्टीय सहाय कोशिका, C – अपभ्रष्टीय प्रतिव्यासांत कोशिका, D – प्राथमिक भ्रूणपोष केन्द्रक (PEN)

(B) A – अपभ्रष्टीय सहाय कोशिका, B – युग्मज, C – प्राथमिक भ्रूणपोष केन्द्रक (PEN), D – अपभ्रष्टीय प्रतिव्यासांत कोशिका

(C) A – अपभ्रष्टीय प्रतिव्यासांत कोशिका, B – प्राथमिक भ्रूणपोष केन्द्रक (PEN), C – अपभ्रष्टीय सहाय कोशिका, D – युग्मज

(D) A – अपभ्रष्टीय सहाय कोशिका, B – युग्मज, C – अपभ्रष्टीय प्रतिव्यासांत कोशिका, D – प्राथमिक भ्रूणपोष केन्द्रक (PEN)

